FIROZABAD POLICE
सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

प्रेस नोट थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद दिनांक 08.03.2026 ।

थाना जसराना पुलिस टीम द्वारा होली का त्यौहार मनाने को लेकर विवाद में लाठी व डण्डे से पीट-पीट कर महिला की हत्या करने वाले 02 अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी जसराना के कुशल नेतृत्व में दिनांक 08.03.2026 को थाना जसराना पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर मु0अ0सं0 117/26 धारा 191(2)/191(3)/131/118(1)/115(2)/351(2)/110/333 बीएनएस से संबन्धित अभियुक्तगण 1. सतेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 हुकुम सिंह निवासी अकबरपुर कुतुकपुर थाना जसराना 2. राजबहादुर पुत्र कुंवरसैन निवासी अकबरपुर कुतुकपुर थाना जसराना को एमपी कोल्ड स्टोर के सामने एटा शिकोहाबाद रोड से ग्राम अकबरपुर कुतुकपुर की तरफ जाने वाले रास्ते थाना क्षेत्र जसराना से गिरफ्तार किया गया है । अभियुक्तगण के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है ।

घटना का संक्षिप्त विवरण – दिनांक 04/03/2026 को होली का त्योहार मनाने को लेकर पडोस में रहने वाले राजबहादुर पुत्र कुंवरसैन, शिवशंकर, लोकेन्द्र कुमार, अंकित कुमार पुत्रगण राजबहादुर, सतेन्द्र सिंह, अजीत कुमार पुत्रगण हुकुम सिंह व अन्य तीन लोग सभी निवासीगण अकबरपुर कुतुकपुर थाना जसराना फिरोजाबाद ने घर में घुसकर वादी व वादी की पत्नी पर लाठी डंडो एवं धारदार हथियार से हमला किया था जिसमें वादी की पत्नी के काफी गंभीर चोट आयी थी, जिन्हे एस एन मैडिकल कलेज आगरा इलाज के लिये भेज दिया था । जिसके सम्बन्ध में थाना हाजा पर मु0अ0सं0 117/26 धारा 191(2)/191(3)/131/118(1)/115(2)/351(2)/110/333 बीएनएस पंजीकृत कराया था । जिसमें वादी की पत्नी की इलाज के दौरान दिनांक 07/03/2026 को एस0एन0 मेडिकल कालेज आगरा में मृत्यु हो गयी थी । विवेचना के क्रम में धारा 105/3(5) की बढोत्तरी की गयी, जिसमें आज दिनांक 08/03/2026 थाना पुलिस द्वारा अभियुक्तगण 1. सतेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 हुकुम सिंह निवासी अकबरपुर कुतुकपुर थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद 2. राजबहादुर पुत्र कुंवरसैन निवासी अकबरपुर कुतुकपुर थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद को एमपी कोल्ड स्टोर के सामने एटा शिकोहाबाद रोड से ग्राम अकबरपुर कुतुकपुर की तरफ जाने वाले रास्ते थाना क्षेत्र जसराना से गिरफ्तार किया गया है ।

नाम पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त:-

1. सतेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 हुकुम सिंह निवासी अकबरपुर कुतुकपुर थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद ।
2. राजबहादुर पुत्र कुंवरसैन निवासी अकबरपुर कुतुकपुर थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद ।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -

1. प्रभारी निरीक्षक श्री राजेश कुमार पाण्डेय थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद
2. उ0नि0 श्री प्रवीण कुमार थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद
3. का0 401 लक्ष्मण सिंह थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद
4. का0 822 विजय कुमार थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद ।